निबंधन एवं शर्तें
वरिष्ठ परामर्शदाता – मातृ स्वास्थ्य (एक पद)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केन्द्र (एनएचआरसीएस) नई दिल्ली स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद के लिए पूर्णतया अनुबंध के आधार पर योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

रिपोर्टिंग : उपायुक्त (मातृ स्वास्थ्य), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

भूमिकाएं और उत्तरदायित्व :

1. नर्सिंग के पूर्व सेवा शिक्षण तथा उसे इसके साथ जोड़ने सहित महत्वपूर्ण मातृ स्वास्थ्य प्रशिक्षणों के संबंध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत मातृ स्वास्थ्य क्रियाकलापों के क्रियान्वयन की निगरानी में मातृ स्वास्थ्य प्रभाग की सहायता करना और सेवा प्रदाताओं का क्षमता निर्माण।
2. नर्सिंग और मिडवाइफरी संवर्ग के पूर्व सेवा शिक्षण के सुदृढ़ीकरण एवं क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और राज्यों को तकनीकी सहायता और कार्यक्रमपरक सहायता उपलब्ध कराना।
3. क्षमता निर्माण तथा मातृ स्वास्थ्य प्रशिक्षणों जैसे कौशल प्रयोगशाला प्रशिक्षणों, दक्षता की जांच करना।
4. राज्य कौशल प्रयोगशाला की स्थापना में राज्यों को सहायता और मार्गदर्शन देना।
5. कार्य योजनाओं बजटों, क्रियाकलापों, निगरानी व मूल्यांकन (एमएंडई) ढांचों सहित कार्यक्रम गतिविधियां विकसित, लागू, निगरानी एवं रिपोर्ट करने के लिए भागीदारों तथा राज्य सरकारों समकक्षों के साथ कार्य करना तथा क्षमता निर्माण के लिए रिपोर्ट करना।
6. दस्तावेजों, प्रचालनात्मक और तकनीकी दिशानिर्देशों को विकसित करने में सहायता करना।
7. विभिन्न रिपोर्टों/अध्ययनों/एमआईएस डाटा/सर्वेक्षण रिपोर्टों के विश्लेषण में मातृ स्वास्थ्य प्रभाग की सहायता करना और परिणाम/विश्लेषण के आधार पर राज्यों में मातृ स्वास्थ्य सूचकों की प्राप्ति के लिए सलाह देना।
8. क्षेत्रीय दौरों के माध्यम से तकनीकी रिपोर्टें विकसित करना ओर मौजूदा दिशानिर्देशों और प्रशिक्षण मैनुअल की समीक्षा करना में सहायता करना।
9. राज्य पीआईपी की मूल्यांकन रिपोर्ट में सहायता करना, तिमाही/मासिक रिपोर्ट तैयार करना, एमएच क्रियाकलापों की प्रगति की निगरानी करना।
10. एनएचएम पीपी के तहत नियोजित क्रियाकलापों के क्रियान्वयन में राज्यों और जिलों को सहयोग देना, उपलब्ध डाटा और रिपोर्टों के उपभोग के माध्यम से अनुमोदित योजनाओं की तुलना में प्रगति का मूल्यांकन करना।
11. प्रगति की निगरानी और सहायता हेतु राज्यों के आवधिक क्षेत्रीय दौरों का आयोजन करना ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एमएच क्रियाकलापों पर परिभाषित समय अवधि में अनुमोदित योजनाओं का क्रियान्वयन हो।
12. उपर्युक्त पर आवधिक रिपोर्ट जमा करना और अनुमोदित कार्यक्रम क्रियान्वयन योजनाओं में अंतरालों को भरने के लिए राज्य स्तर पर अपेक्षित कार्रवाई का सुझाव देना।
13. एमएच ढांचे के परिणामों के समयबद्ध कृत्यों के अधीन सौंपा गया कोई अन्य कार्य और विचारार्थ विषय में या समय-समय पर मातृ स्वास्थ्य प्रभाग द्वारा सौंपे गए सभी कार्यों के लिए रिपोर्ट देना तथा किए गए कार्य की मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना।
14. संगठनात्मक लक्ष्यों के प्राप्त करने के लिए पर्यवेक्षक द्वारा सौंपे गए अन्य कार्य करना।

पात्रता :

1. चिकित्सा स्नातक (एमबीबीएस/बीडीएस+एमडी/एमपीएच/स्वास्थ्य प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा/स्वास्थ्य प्रबंधन में एमबीए
2. जन स्वास्थ्य में 5 वर्ष से अधिक अनुभव।
3. स्वास्थ्य कार्यक्रमों में तकनीकी ज्ञान और क्षेत्रीय अनुभव विशेषरूप से सामग्री विकास एवं शिक्षण कौशल सुदृढ़ीकरण सहित नर्सों/एएनएम के लिए पूर्व सेवा शिक्षण प्रणालियों के विकास के ज्ञान सहित कौशल आधारित प्रशिक्षण।
4. भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली, महत्वपूर्ण हितधारकों और संगत सरकारी नीतियों/कार्यनीतियों विशेषरूप से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जानकारी।
5. उत्कृष्ट संवाद और प्रस्तुतीकरण कौशल, विश्लेषणात्मक एवं पारस्परिक योग्यताएं, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संवाद कौशल।
6. बहुविषयक दल पर्यावरण में कार्य करने की प्रदर्शन क्षमता।
7. क्षेत्र स्तर पर आरसीएच प्रशिक्षण कार्यक्रम लागू करने में प्रदर्शन अनुभव।
8. एमएस वर्ड, एक्सल, पावर प्वाइंट जैसे सामान्य रूप से उपयोग किए जाने वाले पैकेजों तथा संगत डेटा व दस्तावेजों को ढूढ़ने के लिए वेब सर्फिंग की उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर दक्षता।
9. एनएचएम/आरसीएच में राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर कार्य कर चुके अभ्यर्थियों के वरीयता दी जाएगी।
10. समय सीमा के दबाव में विभिन्न प्रकार के कार्य करने की क्षमता।
11. तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों व जिलों की यात्रा करने की सम्मति और कार्यों की समय सीमा पूरी करने के लिए एक साथ कई कार्यों को करने की क्षमता।
12. उच्च कोटि के प्रकाशित कार्य अथवा विशिष्ट क्षेत्र में संगत कार्यानुभव होने पर औपचारिक शैक्षिक योग्यता, अनुभव और आयु में छूट दी जा सकती है।

आयु: 01/04/2017 को अधिकतम आयु 55 वर्ष तथा अत्यधिक फील्ड दौरे करने हेतु अच्छा स्वास्थ्य होना चाहिए।

पारिश्रमिक : प्रतिमाह 90,000 रुपएसे 1,30,000 रुपये के बीच

स्थान : दिल्ली

आवेदन कैसे करें :

कैंडिडेट्स को अनुरोध किया जाता हैं के वह एनएचएसआरसी वेबसाइट पर उपलब्ध ToR के साथ संलग्न आबेदन पत्र को डाउनलोड करे और विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को ई.मेल mohfw.recruitment@gmail.com **में दिनांक 1-Jul-2017** को अपराह्न्न 4 बजे तक **अवश्य भेज दे।** किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।